


नवभारत

भोपाल, रविवार 17 मई 2026




# वट सावित्री व्रत रखा, शनि जयंती पर की पूजा-अर्चना

**रायसेन, 16 मई. रायसेन में शनिवार को वट सावित्री अमावस्या और शनि जयंती का विशेष संयोग बना. इस अवसर पर शहर में सुबह से ही धार्मिक माहौल रहा, जहां मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना की.**

शहर के वार्ड-9 स्थित शनि मंदिर परिसर में लगे वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही महिलाओं का पहुंचना शुरू हो गया था. महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से पूजा की और वट वृक्ष की परिक्रमा की. इस दौरान उन्होंने वृक्ष पर सूत बांधते हुए पति की लंबी आयु की प्रार्थना की. महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है,जिससे पति की आयु लंबी होती है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है. पूजा के दौरान सावित्री-सत्यवान की कथा भी सुनी गई. शनि जयंती के अवसर पर शहर के रामलीला मैदान स्थित शनि मंदिर में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही.

भक्तों ने भगवान शनिदेव को तेल, काला तिल, काला वस्त्र और प्रसाद अर्पित कर पूजा-अर्चना की. मंदिर परिसर में हवन-पूजन और विशेष धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए गए. मंदिर समिति के अनुसार, सुबह से शाम तक हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिन्होंने शनिदेव से सुख-शांति और कष्टों से मुक्ति की प्रार्थना की.ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, कई वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बना है, जब वट सावित्री अमावस्या और शनि जयंती एक साथ शनिवार के दिन पड़ी हैं. धार्मिक दृष्टि से इस संयोग को अत्यंत शुभ माना जा रहा है. इसी कारण मंदिरों और पूजा स्थलों पर सामान्य दिनों की तुलना में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक देखी गई.

## महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा



**गैरतगंज, 16 मई.** नगर में महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना उत्साह से की. ऐसी मान्यता है कि इस वृक्ष के नीचे देवी सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे. इस मौके पर महिलाओं ने सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी,ताकि उनके वैवाहिक जीवन में प्रेम ,स्नेह की मधुरता बनी रहे. वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बरगद का पेड़ पर्यावरण के लिए बहुत ही लाभप्रद है.

## महिलाओं ने मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

**बेगमगंज, 16 मई.** ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर शनिवार को महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की. महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना की. सुबह से ही महिलाएं अपने नज़दीकी मंदिरों के आसपास पहुंचकर वट वृक्ष की पूजन करते दिखाई दी.

मान्यता है कि इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य के साथ सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है. वट वृक्ष की पूजा के बाद सुहागिन महिलाएं एक-दूसरे को पूजन में प्रयोग होने वाले पंखे भी देती हैं व सिंदूर का दान करती हैं. इसके बाद महिलाएं अपने बड़ों का आशीर्वाद लेती हैं. हिंदू धर्म में प्रेम, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक वट सावित्री व्रत का पर्व बहुत पवित्र माना गया है.महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला. नगर के त्रिवेणी मंदिर में बरगद के पेड़ का किया.

ज्योतिषाचार्य हरिकेश शास्त्री तिंसुआ बेगमगंज वालों ने बताया कि पति की लंबी आयु और पुत्र प्राप्ति के लिए हर साल ज्येष्ठ अमावस्या पर वट सावित्री व्रत रखा जाता है. मान्यता है कि जो सुहागन इस दिन वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा करती हैं, उन्हें मां सावित्री और त्रिदेव का आशीर्वाद से अखंड सौभाग्यवती रहने का वरदान मिलता है.



# बाइक को बचाने के प्रयास में पलटा कंटेनर

▸ कैबिन में फंसा ड्राइवर

**रायसेन, 16 मई. सागर रोड स्थित अमरावत घाटी पर शनिवार दोपहर बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया. सामने अचानक आई बाइक को बचाने के प्रयास में एक कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और पेड़ को तोड़ते हुए पलट गया. हादसे में कंटेनर चालक कैबिन में फंस गया, जिसे पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया**



जानकारी के अनुसार कंटेनर सागर रोड से रायसेन की ओर आ रहा था. अमरावत घाटी के पास सामने आई मोटरसाइकिल को बचाने के लिए चालक ने अचानक वाहन मोड़ा, जिससे कंटेनर संतुलन खो बैठा और सड़क किनारे नीचे उतर गया. इस दौरान कंटेनर एक पेड़ से टकराया और पलट गया. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. घटना की सूचना मिलते ही देवनगर थाना प्रभारी हरिओम आस्तया तुरंत मौके पर पहुंचे. उन्होंने स्थानीय लोगों के सहयोग से कैबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला. बाद में चौकी मोबाइल नकतरा की मदद से घायल चालक को जिला अस्पताल रायसेन भेजा गया.पुलिस के अनुसार चालक को मामूली चोटें आई हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.

# अपहृत नाबालिग बालिका को किया सकुशल बरामद

▸ देवनगर पुलिस ने 48 घंटे में ढूंढ निकाला

▸ 13 मई को थाने में लिखाई गई थी रिपोर्ट

**रायसेन, 16 मई. जिले की देवनगर पुलिस ने गुम हुई एक बालिका को 48 घंटे के भीतर सकुशल ढूंढ निकाला. जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव के एक फरियादी ने 13 मई को देवनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है.**


उक्त रिपोर्ट पर थाना देवनगर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना देवनगर पुलिस द्वारा तत्काल विशेष टीम गठित कर संभावित स्थानों पर लगातार तलाश की गई. पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र की सहायता से लगातार प्रयास किए गए. सतत एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप 15 मई को अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया.

उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक हरिओम अस्ताया (थाना प्रभारी), उपनिरीक्षक मलखान सिंह मीणा, आरक्षक दीपक कुमार, आरक्षक संजय शाक्य, सैनिक राजेश मिश्रा एवं महिला आरक्षक सोनिका की सराहनीय भूमिका रही.

## पेट्रोल-डीजल के बढ़े दामों से बिगड़ा आम आदमी का बजट


**रायसेन, 16 मई.** देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बड़ा इजाफा हुआ है. जिसका असर अब रायसेन जिले में भी साफ दिखाई देने लगा है. बढ़ती महंगाई के बीच पेट्रोल और डीजल के दामों में करीब 3-3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है. रायसेन में पेट्रोल का दाम 106 रुपए 69 पैसे से बढ़कर 109 रुपए 97 पैसे प्रति लीटर पहुंच गया है. वहीं डीजल की कीमत 92 रुपए 09 पैसे से बढ़कर 95 रुपए 14 पैसे प्रति लीटर हो गई है.वाहन चालकों का कहना है कि लगातार बढ़ती कीमतों ने घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है. लोगों का कहना है कि अब गाड़ी चलाने से पहले कई बार सोचना पड़ रहा है. पहले ही महंगाई बहुत ज्यादा है.

# तालाब में नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत



**रायसेन, 16 मई. जिले के मंडीदीप क्षेत्र में स्थित सतलापुर तालाब में नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई. बताया जा रहा है कि दोनों किशोर शुक्रवार शाम करीब 7 बजे तालाब में नहाने के लिए गए थे.**

बताता जाता है कि नहाने के दौरान दौरान गहरे पानी में चले जाने से दोनों डूब गए. काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों और स्थानीय लोगों ने उनकी तलाश शुरू की. तालाब किनारे दोनों की बाइक और कपड़े पड़े मिले, जिसके बाद घटना की सूचना सतलापुर पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे तथा देर रात तक रेस्क्यू अभियान चलाया गया. काफी मशक्कत के बाद दोनों किशोरों के शव तालाब से बरामद कर लिए गए. मृतकों की उम्र लगभग 14 और 15 वर्ष बताई जा रही है. पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है.



## रायसेन में नाला निर्माण ने रोकी आवाजाही

**रायसेन, 16 मई.** रायसेन में नाला निर्माण कार्य लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है. राधा प्रिंटिंग प्रेस पुलिया से मुखर्जी नगर तक सड़क की खुदाई के कारण आवागमन बाधित है, जिससे स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.चौड़े नाले के निर्माण के लिए सड़क की खुदाई की गई है. निर्माण एजेंसी ने सड़क किनारे मिट्टी के बड़े-बड़े ढेर छोड़ दिए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में धूल, गंदगी और अव्यवस्था फैल गई है. यह स्थिति राहगीरों और वाहन चालकों के लिए चुनौती बनी हुई है. स्थानीय लोगों के अनुसार, ठेकेदार ने शुरुआत में दावा किया था कि जेसीबी से खुदाई कर चार से पांच दिनों में पाइप लाइन डालकर कार्य पूरा कर लिया जाएगा. हालांकि, कई दिन बीत जाने के बाद भी काम अधूरा पड़ा है और सड़क पूरी तरह उखड़ी हुई है. नाला निर्माण के दौरान नगर की पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है. इसके चलते आसपास के कई घरों में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है. भीषण गर्मी में रहवासियों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

# प्रचार रथ से दी योजनाओं की जानकारी

**सलामतपुर,16 मई. रायसेन जिले में प्रशासन द्वारा प्रचार रथ के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर किसानों को नरवाई प्रबंधन एवं फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक किया जा रहा है. इसी क्रम में प्रचार रथ ग्राम सेमरा पहुंचा, जहां ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं और किसान हितैषी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई.**

इस दौरान पंचायत भवन में फार्मर रजिस्ट्री के लिए विशेष कैंप भी लगाया गया, जहां किसानों की रजिस्ट्री की गई. दीवानगंज के कृषि विस्तार अधिकारी मंगल सिंह ने बताया कि किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री होने पर ही किसानों का ई-टोकन बुक हो सकेगा. यदि किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं करवाते हैं तो ई-टोकन बुक नहीं हो पाएगा, जिससे उन्हें खाद मिलने में परेशानी हो सकती है. उन्होंने यह भी बताया कि किसानों को नरवाई प्रबंधन के फायदे और फसल अवशेष नहीं जलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. ग्राम पंचायत सेमरा में लगाए गए कैंप में पटवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराई गई. इस अवसर पर ग्राम पंचायत सेमरा के सरपंच भानु लोधी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित रहे.



## थैलेसीमिया, सिकल सेल के बारे में दिया परामर्श

**रायसेन, 16 मई.** भविष्य की पीढ़ी को थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसी गंभीर अनुवांशिक रक्त विकारों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से शनिवार को शगुन गार्डन में नि:शुल्क ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों और प्रभावित परिवारों ने पहुंचकर अपनी जांचें करवाईं और विशेषज्ञ डॉक्टरों से स्वास्थ्य परामर्श लिया.

शिविर का आयोजन थैलेसीमिया जन जागरण समिति द्वारा किया गया. इस पुनीत कार्य में देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा और सामाजिक संस्थानों ने सहयोगी की भूमिका निभाई, जिसमें मुख्य रूप से नारायणा हेल्थ, डीकेएमएस और स्थानीय सामाजिक संस्था 'अपना रायसेन' शामिल रहे.

## युवाओं ने सीखा अन्न वितरण का तरीका

**रायसेन, 16 मई.** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित माय भारत केंद्र रायसेन के तत्वावधान में आयोजित 5-दिवसीय 'अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम' के चौथे दिन युवा स्वयंसेवकों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की जमीनी हकीकत को जाना. स्वयंसेवकों ने पठारी और नकतरा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का भ्रमण किया.

# पाइप लाइन में लीकेज से पानी की परेशानी

**गैरतगंज, 16 मई. नगर में पेयजल हेतु सेमरी जलाशय से पानी की सप्लाई हेतु करोड़ों रुपये से जल आवर्धन योजना के अन्तर्गत नगर में पाइप लाइन द्वारा पीने के पानी की सप्लाई की जा रही है. लेकिन आये दिन लाइनों के लीकेज, टूट फूट के कारण पीने के पानी के लिये नगरवासियों को इधर-उधर भटकने को मजबूर होना पड़ता है.**



यह योजना नगर परिषद के अधीन है.नगर में पांच किलोमीटर सड़क के दोनों ओर चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है.इस दौरान फिर से पाइप लाइन सिफ्टिंग के दौरान करोड़ों का खर्च हुआ है. ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन घटिया स्तर से नाली में बिना वेस के डाली गई, जिससे पाइपों मे आये दिन लीकेज टूट-फूट की समस्या आ रही है. जिससे दो- तीन तक पानी की सप्लाई रोकी जाती है. जिससे नगर वासियों में असंतोष है. ठेकेदार द्वारा डाली गई पाइप लाइन का कोई अधिकारी ने निरीक्षण तक नहीं किया. जनता पानी के लिये इधर-उधर भटकने को मजबूर है.

**पूजा-अर्चना** ▸ परिसर में भोजन बनाकर प्रसादी पाते हैं श्रद्धालु

# परवरिया माता हरसिद्धि मंदिर में वार्षिक मेला शुरू

**रायसेन, 16 मई. रायसेन जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर स्थित परवरिया गांव में मां हरसिद्धि मंदिर पर अमावस्या से वार्षिक मेला शुरू हो गया है. यह मेला पूरे एक महीने तक चलेगा. हालांकि इस साल अधिक मास होने के चलते मिला दो माह तक भी चल सकता है. मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और माता रानी को दाल-बाटी और लड्डू चूरमा का भोग अर्पित किया.**




मां हरसिद्धि को रायसेन, भोपाल, विदिशा, सीहोर और सागर सहित आसपास के जिलों की कुलदेवी के रूप में पूजा जाता है. हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित यहां पहुंचते हैं और मंदिर परिसर में ही भोजन बनाकर माता को भोग लगाते हैं. इसके बाद वहीं परिवार संग प्रसाद ग्रहण करते हैं. मान्यता है कि जो भी भक्त एक बार माता का प्रसाद ग्रहण करता है, उसे हर साल परिवार सहित यहां आना अनिवार्य होता है. यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है, जिसे श्रद्धालु पूरी आस्था से निभा रहे हैं. कीर्तन और पूजा-पाठ का दौर जारी है. प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट द्वारा सुरक्षा, पानी और साफ-सफाई के खास इंतजाम किए गए हैं.

## राजा विक्रमादित्य से जुड़ी है कथा

तीन स्थानों पर हरसिद्धि माताविराजमान हैं. हरसिद्धि माता के कुल तीन प्रमुख मंदिर बताए जाते हैं-तरावली, उज्जैन और रायसेन के परवरिया गांव में. इनमें परवरिया स्थित मंदिर की मान्यता एक अलग ही महत्व रखती है. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ऋषिनाथ कुशवाह के अनुसार प्राचीन कथा के अनुसार राजा विक्रमादित्य हरसिद्धि माता की पिंडी प्रतिमाएं बैलगाड़ी से लेकर जा रहे थे. परवरिया गांव में एक नीम के पेड़ के पास गाड़ी की धुरी टूट गई. जब नई धुरी लगाकर चलने लगे तो गाड़ी वहीं पलट गई. इसे माता का संकेत मानकर राजा ने तीनों पिंडी प्रतिमाएं वहीं स्थापित कर धार्मिक अनुष्ठान किए.

# अतिकुपोषित बच्चों को मिली फूड किट

▸ सुपोषित रायसेन अभियान

**सिलवानी, 16 मई. महिला एवं बाल विकास विभाग सिलवानी द्वारा ग्राम कुंडाली स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 57 में अतिकुपोषित श्रेणी के बच्चों के लिए विशेष फूड किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

यह कार्यक्रम एलटी फाउंडेशन द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत संचालित 'सुपोषित रायसेन अभियान' के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जिले में कुपोषण को कम कर बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्य समिति सदस्य, भोपाल हरिसिंह लोधी उपस्थित रहे. उनके साथ जनपद सदस्य मदनगोपाल वर्मा, स्कूल प्राचार्य रघुवंशी, महिला एवं बाल विकास विभाग सिलवानी की प्रभारी अविदा बी, बम्होरी पर्यवेक्षक मानकुअर प्रजापति एवं संदीप रघुवंशी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं. इस दौरान अतिकुपोषित बच्चों को पौष्टिक सामग्री से युक्त फूड किट वितरित की गई. साथ ही बच्चों के अभिभावकों को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया गया.मुख्य अतिथि हरि सिंह लोधी ने एलटी फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के स्वास्थ्य सुधार में अहम भूमिका निभाते हैं. उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के खानपान, टीकाकरण और नियमित देखभाल पर विशेष ध्यान देने की अपील की. बच्चों को मुरमुरे के पैकेट भी दिए गए.

